गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा

दिनांक : 15.03.2023

क्रमांक : एफ ( )/जीजीटीयू/सेट परीक्षा/2022/65

प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा द्वारा राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (सेट–2023) का आयोजन 26 मार्च, 2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जा रहा है। जिसके लिए अभ्यर्थियों को निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैः–

1. **परीक्षार्थियों के परीक्षा शहर की जानकारी SSO Portal पर अपलोड कर दी गई है एवं प्रवेश पत्र दिनांक 21 मार्च, 2023 को जारी किये जाएँगे, जिसकी पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी। अभ्यर्थी अपने SSO Portal से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लेवें।**

2. **परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर परीक्षा समय 11:00 बजे से 1 घंटा पूर्व अर्थात् प्रातः 10:00 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

3. **अभ्यर्थी परीक्षा दिवस को फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र यथा आधार कार्ड, वोटर आई. डी. अथवा ड्राईविंग लाईसेंस मूल एवं प्रवेश–पत्र के आधार पर ही नियत समयावधि में पहचान सुनिश्चित होने पर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश देय होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के बिना प्रवेश देय नहीं होगा।**

4. परीक्षा 3 घंटे की ऑफलाइन मोड पर होगी जिसमें अभ्यर्थी को ओएमआर पर नीले अथवा काले पारदर्शी बॉलपेन से प्रश्न संख्या के अनुसार ही गोले को काला अथवा नीला करना होगा। अभ्यर्थी को प्रथम अनिवार्य प्रश्न पत्र एवं द्वितीय प्रश्न पत्र (अभ्यर्थी द्वारा आवेदित विषय) की परीक्षा एक साथ 3 घंटे में देनी है, जिसमें कोई अन्तराल नही रहेगा।

5. परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के लिए निम्नानुसार ड्रेस कोड रहेगाः–
   1. पुरूष अभ्यर्थी आधी आस्तिन के शर्ट/टीशर्ट, पेन्ट एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर आएँगें।
   2. महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तिन का कुर्ता/ब्लाउल, हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर एवं बालो में साधारण रबर बेंड लगाकर आएँगी।
   3. परीक्षार्थियों को वेशभूषा में किसी भी प्रकार के आभूषण अथवा जेवरात एवं कोई भी ताबिज, धागा पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी प्रकार के मेटल की कोई वस्तु साथ में नहीं होगी।

नोडल अधिकारी
सेट परीक्षा–2023

Nodal Officer
SET 2023
GOVIND GURU TRIBAL UNIVERSITY
BANSWARA (RAJ.)